<Untitled>

मानेसर थाना प्रभारी सतेंद्र ने बताया कि शुरूआती जांच में यह मामला सुसाइड का लग रहा है। जब वह होटल पहुंचे तो दरवाजा अंदर से बंद था। कमरे को खुलवाया गया तो अंदर 315 बोर का देसी पिस्टल मिला। पुलिस की टीमें बुलाकर घटनास्थल का निरीक्षण कराया गया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। दोनों को सेक्टर 10 के सरकारी अस्पताल में लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद दोनों शवों को पुराने सिविल अस्पताल के पोस्टमॉर्टम हाउस लाया गया।

पर मृत अवस्था में मिले। युवक व युवती दोनों की छाती पर एक-एक गोली लगी हुई मिली। कमरे में एक देशी कट्टा 315 बोर मिला। पुलिस ने दोनों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस में भेज दिए। वहीं पुलिस टीमों ने जांच शुरू कर दी।

किया जाएगा। आयोजन समिति के सदस्य एवं प्रमुख समाजसेवी पं. चंद्रशेखर कौशिक ने बताया कि ब्रह्मलीन श्री श्री 1008 स्वामी दुर्गेशानंद सरस्वती जी महाराज द्वारा प्रारंभ किए गए महाशिवरात्रि उत्सव को हर साल बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। उन्होने सभी भक्तों से महाशिवरात्रि के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में शामिल होने का आह्वान किया।

# केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री ने गुडगांव ईएसआईसी को प्रदान किया अवार्ड

- उप क्षेत्रीय कार्यालय को श्रेष्ठ कार्य निष्पादन व सेवाओं के लिए मिला अवार्ड

**देव चौहान, देश रोजाना**



**गुरुग्राम।** केंद्रीय श्रम एवं रोजगार व युवा मामले व खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया 24 फरवरी को नई दिल्ली में सामाजिक न्याय के लिए वैश्विक गठबंधन व कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) के 74वें स्थापना दिवस के अवसर पर सामाजिक न्याय पर दो दिवसीय क्षेत्रीय वार्ता का उद्घाटन किया।

इस प्रमुख अंतरराष्ट्रीय वार्ता के उद्घाटन सत्र में श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे, सचिव (श्रम एवं रोजगार) सुमिता डावरा व अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) के महानिदेशक गिल्बर्ट एफ. हुंगबो मौजूद रहें। इस अवसर पर ईएसआईसी के महानिदेशक अशोक कुमार सिंह (आईएएस) भी मंच पर मौजूद रहें। इस संदर्भ में दो दिवसीय क्षेत्रीय वार्ता कार्यक्रम का आयोजन श्रम एवं रोजगार मंत्रालय व कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा सामाजिक न्याय के लिए वैश्विक गठबंधन व अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन व उद्योग परिसंघ (सीआईआई), भारतीय नियोक्ता संघ (ईएफआई) के सहयोग से किया गया। उप क्षेत्रीय कार्यालय गुरुग्राम को श्रेष्ठ कार्य निष्पादन व सेवाओं के लिए उप-विजेता घोषित किया गया। केंद्रीय मंत्री डॉ. मांडविया द्वारा कार्यालय प्रमुख सुनील यादव, संयुक्त निदेशक को शील्ड व प्रमाण-पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि देश में सबसे व्यापक सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में से एक का संचालन करने वाली ईएसआईसी, श्रमिकों व उनके परिवारों को चिकित्सा देखभाल, मातृत्व लाभ व वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने में अग्रणी भूमिका निभा रही है। स्थापना दिवस समारोह में ईएसआईसी की उपलब्धियों, सेवाओं व कवरेज को मजबूत करने के लिए रोडमैप पर प्रकाश डाला गया। इस कार्यक्रम में सामाजिक सुरक्षा को सामाजिक न्याय में बदलने के ईएसआईसी के मिशन में प्रमुख योगदानकर्ताओं को सम्मानित किया गया।

## जालसाजों ने सिपाही के अकाउंट से 44 हजार निकाले

**हर्ष खटाना, देश रोजाना, गुरुग्राम।** साइबर क्राइम मानेसर एरिया में जालसाजों ने हरियाणा पुलिस के जवान के अकाउंट से 43,920 रुपए निकाल लिए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी। पुलिस को दी शिकायत में महेंद्रगढ़ के अटेली मंडी



## नगर निगम ने सोहना रोड क्षेत्र से हटाई अवैध प्रचार सामग्री

- आदर्श आचार संहिता की पालना में कार्रवाई जारी

**देव चौहान, देश रोजाना**



**गुरुग्राम।** निकाय चुनावों के चलते गुरुग्राम में लागू आदर्श आचार संहिता की पालना में एनफोर्समेंट टीमें प्रतिदिन कार्रवाई

Note OCR Share More

<Untitled>



# केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री ने गुडगांव ईएसआईसी को प्रदान किया अवार्ड

देव चौहान, गुड़गांव टुडे




**गुरुग्राम।** केंद्रीय श्रम एवं रोजगार व युवा मामले व खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया 24 फरवरी को नई दिल्ली में सामाजिक न्याय के लिए वैश्विक गठबंधन व कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) के 74वें स्थापना दिवस के अवसर पर सामाजिक न्याय पर दो दिवसीय क्षेत्रीय वार्ता का उद्घाटन किया। इस प्रमुख अंतरराष्ट्रीय वार्ता के उद्घाटन सत्र में श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे, सचिव (श्रम एवं रोजगार) सुमिता डावरा व अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) के महानिदेशक गिल्बर्ट एफ. हुंगबो मौजूद रहें। इस अवसर पर ईएसआईसी के महानिदेशक अशोक कुमार सिंह(आईएएस) भी मंच पर मौजूद रहें। इस संदर्भ में दो दिवसीय क्षेत्रीय वार्ता कार्यक्रम का आयोजन श्रम एवं रोजगार मंत्रालय व कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा सामाजिक न्याय के लिए वैश्विक गठबंधन व अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन व उद्योग परिसंघ (सीआईआई), भारतीय नियोक्ता संघ (ईएफआई) के सहयोग से किया गया। उप क्षेत्रीय कार्यालय गुरुग्राम को श्रेष्ठ कार्य निष्पादन व सेवाओं के लिए उप-विजेता घोषित किया गया। केंद्रीय मंत्री डॉ. मांडविया द्वारा कार्यालय प्रमुख सुनील यादव, संयुक्त निदेशक को शील्ड व प्रमाण-पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि देश में सबसे व्यापक सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में से एक का संचालन करने वाली ईएसआईसी, श्रमिकों व उनके परिवारों को चिकित्सा देखभाल, मातृत्व लाभ व वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने में अग्रणी भूमिका निभा रही है। स्थापना दिवस समारोह में ईएसआईसी की उपलब्धियों, सेवाओं व कवरेज को मजबूत करने के लिए रोडमैप पर प्रकाश डाला गया।

इस कार्यक्रम में सामाजिक सुरक्षा को सामाजिक न्याय में बदलने के ईएसआईसी के मिशन में प्रमुख योगदानकर्ताओं को सम्मानित किया गया।






Note OCR Share More

WED,26 FEBRUARY 2025
EDITION: GURGAON, PAGE NO. 1

# केन्द्रीय श्रम व रोजगार मंत्री ने गुड़गांव के ईएसआईसी को दिया अवार्ड

गुड़गांव, 25 फरवरी (संजय): केंद्रीय श्रम एवं रोजगार व युवा मामले व खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया 24 फरवरी को नई दिल्ली में सामाजिक न्याय के लिए वैश्विक गठबंधन व कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) के 74वें स्थापना दिवस के अवसर पर सामाजिक न्याय पर दो दिवसीय क्षेत्रीय वार्ता का उद्घाटन किया।

इस प्रमुख अंतरराष्ट्रीय वार्ता के उद्घाटन सत्र में श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे, सचिव (श्रम एवं रोजगार) सुमिता डावरा व अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) के महानिदेशक गिल्बर्ट एफ. हुंगबो मौजूद रहें। इस अवसर पर ईएसआईसी के महानिदेशक अशोक कुमार सिंह( आईएएस) भी मंच पर मौजूद रहें। इस संदर्भ में दो दिवसीय क्षेत्रीय वार्ता कार्यक्रम का आयोजन श्रम एवं रोजगार मंत्रालय व कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा सामाजिक न्याय के लिए वैश्विक गठबंधन व अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन व उद्योग परिसंघ (सीआईआई), भारतीय नियोक्ता संघ (ईएफआई) के सहयोग से किया गया। उप क्षेत्रीय कार्यालय गुरुग्राम को श्रेष्ठ कार्य निष्पादन व सेवाओं के लिए उप-विजेता घोषित किया गया। केंद्रीय मंत्री डॉ. मांडविया द्वारा कार्यालय प्रमुख सुनील यादव, संयुक्त निदेशक को शील्ड व प्रमाण-पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया।



केन्द्रीय मंत्री डा मनसुख मांडविया अवार्ड देते हुए।

# ईएसआईसी संयुक्त निदेशक से मिला प्रतिनिधि मंडल

गुड़गांव, 25 फरवरी (ब्यूरो): गुडगांव इंडस्ट्रियल एसोसिएशन (जी. आई. ए.) का एक प्रतिनिधिमंडल जे.एन. मंगला अध्यक्ष के नेतृत्व में कर्मचारी राज्य बीमा निगम के स्थापना दिवस उत्सव के मौके पर संयुक्त निदेशक सुनील यादव सहित अन्य अधिकारियों से मिला।

इस मुलकात के दौरान मंगला ने उद्योग विहार में चल रही डिस्पेंसरी को बढ़ाने की बात कही। जबकि इसी क्षेत्र में एक और डिस्पेंसरी खोलने का सुझाव दिया। जिससे आसपास के अन्य श्रमिकों को भी लाभ मिल सकें। सुमित राव महासचिव ने बताया कुछ माह पूर्व पटौदी क्षेत्र में डिस्पेंसरी खोलने की बात कहीं गयी थी। लेकिन अभी तक उस पर कोई कार्यवाही नहीं हुई। मंगला ने बताया कि सेक्टर-37 में एक डिस्पेंसरी की अति आवश्यकता है। डिस्पेसरी नही होने से यहाँ के श्रमिकों को निजी अस्पतालों में अपना इलाज करवाना पड़ता है। मुकुल गुप्ता ने बताया कि खेड़की दौला के डिस्पेंसरी में प्रर्याप्त डा व कर्मचारी मौजूद नही है। जिससे श्रमिकों को वहाँ अपना इलाज करवाने में असुविधा होती है। महासचिव सुमित राव ने बताया कि ऐसा ही हाल इस्लामपुर डिस्पेंसरी में भी है। मंगला ने सुझाव दिया कि अनियमित औद्योगिक क्षेत्रों में जहां पर डिस्पेंसरी उपलब्ध नहीं है। वहाँ पर मोबाइल डिस्पेंसरी के द्वारा प्राथमिक चिकित्सा व जरुरी दवाइयों को अनियमित औद्योगिक क्षेत्रों के श्रमिकों के लिए उपलब्ध कराया जाए। मंगला ने संयुक्त निदेशक से निवेदन किया कि गुरुग्राम के हर औद्योगिक क्षेत्र के ईएसआई अस्पतालों व सभी डिस्पेसरियों में प्रर्याप्त डॉ कर्मचारी उपलब्ध करायें जाए। समारोह में जीआईए टीम से जे.एन. मंगला, अध्यक्ष, सुमित राव, महासचिव, आईडीए अध्यक्ष के के गांधी, जीआईए सदस्य मुकुल गुप्ता मौजूद रहे।

**■ जीआईए प्रतिनिधि मंडल ने रखी मांगें और दिए कई सुझाव**

दैनिक भास्कर नई दिल्ली 26-02-2025

# ईएसआईसी के उप क्षेत्रीय कार्यालय को श्रेष्ठ कार्य निष्पादन के लिए अवार्ड

भास्कर न्यूज | गुरुग्राम

कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) के उप क्षेत्रीय कार्यालय गुरुग्राम को श्रेष्ठ कार्य निष्पादन एवं सेवाओं के लिए अवार्ड देकर सम्मानित किया गया है। नई दिल्ली में सामाजिक न्याय के लिए वैश्विक गठबंधन और कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) के 74वें स्थापना दिवस समारोह में केंद्रीय श्रम एवं रोजगार तथा युवा मामले एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया द्वारा कार्यालय प्रमुख सुनील यादव, संयुक्त निदेशक को शील्ड और प्रमाण-पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में सोमवार को कार्यालय में विशेष सेवाएं पखवाड़ा-2025 शुरू हुआ।